शनिवार
30 सितम्बर 2023



पृष्ठ 4
जानिए बाल झड़ने से रोकने के आयुर्वेदिक उपाय



पृष्ठ 5
सौम्या टंडन ने कैमरे के सामने लगाया सिज़लिंग अदाओं का तड़का




- देहरादून
- वर्ष 31
- अंक 232
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है वह शक्तिमान हो कर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।

– राम प्रताप त्रिपाठी

## दावा: नशा मुक्त प्रदेश का, तैयारी गोवा से आगे जाने की

विशेष संवाददाता

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड के लोगों और उनकी सभ्यता तथा संस्कृति के साथ यह कैसा भद्दा मजाक है कि सत्ता शीर्ष पर बैठे नेताओं द्वारा प्रदेश को 2025 तक नशा मुक्त प्रदेश बनाने का दावा और वायदा किया जाता है वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में देसी-विदेशी शराब की नदियां बहाने और नशाखोरी में उसे गोवा से भी आगे ले जाने की तैयारी की जा रही है।

बीते कई दिनों से तीर्थ नगरी ऋषिकेश में डिपार्टमेंटल स्टोर से शराब की हो रही बिक्री के विरोध में स्थानीय लोगों द्वारा शासन-प्रशासन के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन किया जा रहा है। जिन धार्मिक स्थलों और नगरों में शराब के ठेके पर प्रतिबंध होता था अब वहां चोर दरवाजे (डिपार्मेंटल स्टोर्स) से महंगी विदेशी दारू बिकवाई जा रही है। ऋषिकेश के लोग सरकार की इस नीति के खिलाफ कई दिनों से सड़कों पर उतरे हुए हैं तथा इस



**❑राजधानी में 51 डिपार्टमेंटल स्टोर से शराब की बिक्री**
**❑तीर्थ नगरी ऋषिकेश में भी पांच स्टोर्स को लाइसेंस जारी**

क्षेत्र में खोली गई पांच एफ एल 5डी एस के लाइसेंस रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

उधर अगर राजधानी दून की बात की जाए तो 2021-22 से लेकर लगभग 51 लाइसेंस डिपार्टमेंटल स्टोर्स को 5 एफ एल 5 डी एस के लाइसेंस जारी किए गए हैं और उनसे आला किस्म की अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। खास बात यह है कि उनके बारे में आम आदमी को कोई जानकारी नहीं है क्योंकि वह न तो घरेलू सामान खरीदने के लिए इन अत्याधुनिक डिपार्टमेंटल स्टोर तक पहुंचता है न यहां मिलने वाली महंगी शराब को खरीदने की उसकी क्षमता है। खास लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही यह सुविधा बहुत कम समय में जितनी तेजी से पैर पसार रही है वह भी हैरान करने वाली बात है। 2021-22 में शुरुआत में सिर्फ चार डिपार्टमेंटल स्टोर से इसकी शुरुआत हुई थी। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने 2022-23 में 14 नए लाइसेंस जारी किया और 2023-24 के लिए अब तक 25 लाइसेंस जारी किए गए हैं। वर्तमान समय में राजधानी दून के 50 से अधिक डिपार्टमेंटल स्टोर से अंग्रेजी शराब की बिक्री हो रही है जिसमें ऐसे-ऐसे ब्रांड मिल रहे हैं जिनके किसी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगने वाला फर्जी डीएम गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम बेरोजगार युवक-युवतियों से लाखो रूपये की ठगी करने वाले फर्जी जिला अधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के अन्य साथी फरार है जिनकी तलाश जारी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतना पुत्री अमरनाथ अरोड़ा निवासी खन्ना नगर ज्वालापुर हरिद्वार के द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया था कि निहार कर्णवाल पुत्र स्व. राजेंद्र कर्णवाल निवासी खन्नानगर ज्वालापुर जिसके द्वारा स्वयं को डीएम बताते हुए उसको पीडब्ल्यूडी विभाग में निरीक्षण अधिकारी के पद पर नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उससे 6 लाख पचास हजार रूपये की मांग की गई। बताया कि निहार द्वारा अपने आपको सरकारी कर्मचारी दिखाने के चलते उत्तराखंड सरकार की नेम प्लेट लगी हुई गाड़ी का इस्तेमाल करता था। जिससे उसको उक्त निहार पर विश्वास हो गया। निहार द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर उसकी बीमार मां नीलम अरोड़ा द्वारा उक्त निहार को शुरू में एक लाख पचास हजार रुपए दिए इसके पश्चात निहार द्वारा बताया गया कि उक्त नौकरी अब समाप्त हो गई है। अब वह उसको एसडीएम के पद पर नौकरी दिला सकता है इसकी एवज में निहार द्वारा उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई जिस पर उनके द्वारा निहार के झांसे में आकर अपने भविष्य को देखते हुए उसे 70 लाख रुपए देने हेतु सहमति प्रदान की गई। लेकिन पैसो की व्यवस्था न हो पाने पर उनके द्वारा निहार को अवगत कराया तो उसने उन लोगों से कहा कि नौकरी के लिए केवल एक ही पद है काफी लोग प्रयासरत हैं वह उधमसिंहनगर का डीएम है इस कारण नौकरी लगा सकता है। निहार द्वारा यह भी बताया गया कि वह अपने

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## एयरपोर्ट पर नमाज के लिए अलग कमरे की मांग को हाईकोर्ट ने खारिज किया

गुवाहाटी । गुवाहाटी एयरपोर्ट पर नमाज के लिए अलग कमरा बनवाने की मांग को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस सुष्मिता खौंद की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि नमाज के लिए अलग कमरा नहीं बनता है तो इससे समाज को कोई नुकसान नहीं होगा। इतना ही नहीं कोर्ट ने याचिका को लेकर भी कड़ी आपत्ति जताई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि अगर अलग से प्रार्थना कक्ष नहीं बनेगा तो



कौनसे मूल अधिकार का हनन होगा? चीफ जस्टिस ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमारा देश सेक्युलर है। किसी समुदाय के लिए अलग से प्रार्थना स्थल कैसे हो सकता है? यदि इस तरह का कोई कमरा नहीं बनेगा तो इस आम जनता का क्या नुकसान है? हम एक ही समुदाय के बीच नहीं रहते हैं। इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि कुछ उड़ानों की टाइमिंग ऐसी है कि उस वक्त नमाज का वक्त होता है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा है तो फिर अपनी सुविधा के अनुसार फ्लाइट लेनी चाहिए। प्रार्थना करके ही फ्लाइट लें। हम आपकी बात से संतुष्ट नहीं हैं। आखिर किसी एक समुदाय के लिए सुविधा की मांग कैसे की जा सकती है?

## एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकी ढेर

नई दिल्ली । जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने माछिल सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया। इस पर घुसपैठियों की ओर से गोलीबारी शुरू कर दी गई। सुरक्षा बलों की ओर से जवाबी फायरिंग में दोनों घुसपैठियों को मार गिराया गया है।

दरअसल पुलिस और सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश की जा रही है, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली। इसी दौरान घुसपैठ की कोशिश में आतंकवादी आते दिखे तो सुरक्षाबलों ने



उन्हें घेर लिया और सरेंडर करने को कहा। आतंकियों ने इसी दौरान फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मार गिराया। इनके पास से कुछ हथियार और पाकिस्तानी करेंसी भी बरामद हुई है। सुरक्षाबलों को अंदेशा है कि आसपास कुछ और पाकिस्तानी आतंकी छिपे हो सकते हैं और इसके लिए तलाशी अभियान चलाया गया है।

मारे गए आतंकियों ने नियंत्रण रेखा पर सुरंग बनाकर भारत में घुसने की कोशिश की थी। मारे गए आतंकियों के अन्य साथियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान जारी है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि इलाके में घुसपैठ की कोशिश की जा सकती है। बता दें कि इसी महीने बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में कई आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। हालांकि, इसमें सेना के दो से तीन अधिकारी भी शहीद हो गए थे।

बता दें कि आज ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजौरी जिले के ढांगरी गांव में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के हमले के सिलसिले में पुंछ जिले में कई संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# समिट को लेकर अति उत्साह क्यों?

उत्तराखंड की धामी सरकार पूरे जोशों खरोश के साथ दिसंबर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को सफल बनाने की तैयारी में जुटी है। मुख्यमंत्री धामी और उनके अधिकारियों की टीम अपने तीन दिवसीय लंदन दौरे में 12500 के निवेश प्रस्ताव मिलने से खासे उत्साहित है। अब तक 19-20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर साइन होने को लेकर वह बड़ी कामयाबी मान रहे हैं उनको अब यह भरोसा हो गया है कि उन्होंने जो ढाई लाख करोड़ निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा है उसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। अब वह 5 अक्टूबर को सिंगापुर और ताइवान जाने वाले हैं इससे पहले 4 अक्टूबर को दिल्ली में फिर निवेशकों के साथ बैठक होने वाली है। सरकार को ऐसा लग रहा है कि बस अब इस समिट से राज्य की दिशा और दशा सब कुछ बदला जा सकेगा। लेकिन इसके बीच विपक्षी दल कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा पिछले अनुभवों को सामने रखकर बहुत सारे सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं। पूर्व सीएम हरीश रावत ने यहां तक कह दिया है कि राज्य की जमीनों और संसाधनों की होने वाली लूटपाट से भगवान हमारे उत्तराखंड को बचा ले तो अच्छा है। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व वाली सरकार ने 2018 में इन्वेस्टर समिट आयोजित की थी उसमें भी बड़े निवेश प्रस्तावों का दावा किया गया था लाखों करोड़ों के निवेश मिलने की जब हकीकत सामने आई थी तो वह मात्र 30 हजार करोड़ निवेश आने तक ही सीमित रह गये वह भी वर्तमान में कहां है इसका कुछ अता-पता नहीं है। जबकि सरकार ने इस समिट के आयोजन पर ही 80 करोड़ रुपए की रकम खर्च कर डाली थी। सीएम और अधिकारियों ने उस समय भी समिट के आयोजन को लेकर खूब सैर सपाटा किया था जो अब भी किया जा रहा है। 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव अगर अब तक साइन हो भी गए हैं तो यह कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। अहम बात यह है कि क्या इस समिट के बाद तमाम निवेशक जो अब एम ओ यू साइन कर रहे हैं वह राज्य में उद्योग लगाने के लिए आएंगे भी या नहीं। इसकी क्या गारंटी है? कागजी घोड़े दौड़ाने से तो कुछ हो नहीं सकता। सरकार का दावा है कि उसने अपनी तमाम औद्योगिक नीतियों में बड़ा सुधार किया है और अब निवेशकों को किसी भी तरह की दिक्कतें पेश नहीं आएगी। लेकिन इसका सच इस समिट के एक-दो साल बाद ही सामने आ सकेगा सरकार के सामने इन निवेशकों को जमीन की उपलब्धता से लेकर बिजली-पानी, बेहतर परिवहन सेवा के साथ-साथ तमाम नीतिगत दिक्कतों को दूर करने की चुनौतियां होंगी। पहाड़ की विषम परिस्थितियों में जब सूबे के लोग ही पहाड़ से पलायन पर मजबूर हैं और अब तक सरकारे इसे रोकने में जब नाकाम साबित हुई है तब औद्योगिक विकास की बात और पहाड़ पर उद्योगों को पहुंचाना पहाड़ जैसी चुनौती ही है। सवाल एम ओ यू साइन होने का नहीं है सवाल धरातल पर उद्योगों के आने व उद्योगों के टिके रहने का भी है। राज्य गठन के बाद उद्योगों को एक दशक से भी अधिक समय तक विशेष आर्थिक पैकेज की सुविधा मुहैया कराई गई तब तमाम उद्योग यहां आए लेकिन आर्थिक पैकेज खत्म होने के बाद चले भी गए। यह ठीक है कि सरकार को प्रयास जारी रखना चाहिए लेकिन एक समिट से कोई चमत्कार हो जाएगा जैसी गलत फहमी भी नहीं पालनी चाहिए।

# जैव विविधता पर आधरित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

देहरादून (सं)। कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा हरितधारा फाउंडेशन द्वारा जैव विविधता पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज यहां कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा हरितधारा फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला जैव विविधता पर आधारित की गई। कार्यशाला में तीस प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमे उनके द्वारा जैव विविधता पर आधारित कई उत्पादन तथा जैव संरक्षण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए गए। डॉ अनंत भास्कर, हरित धारा के डायरेक्टर द्वारा जैव विविधता पर व्याख्यान दिया गया जिसमे उन्होंने उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना के आधार पर प्रकृति संरक्षण के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून की सामान्यिविका प्रो. रेणु शुक्ला ने कहा विकास का रास्ता प्रकृति संरक्षण के द्वारा ही संभव है नई पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक करने के साथ उत्तराखंड के लोगों को भी साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ मनीषा अग्रवाल ने कहा की उनकी संस्था के द्वारा जन जागरूकता के कार्यक्रम समय समय पर किए जाते रहे है। कार्यशाला का संचालन डॉ अर्चना डिमरी द्वारा किया गया। डॉ अंजू लता, डॉ प्रवीणा चतुर्वेदी आदि ने सक्रीय भूमिका निभाई।

अदर्शि गातुवित्तमो यस्मिन्व्रतान्यादधुः।
उपो षु जातमार्यस्य वर्धनमग्निं नक्षन्त नो गिरः॥
(ऋग्वेद ८-१०३-१)

हमारी स्तुति उस अग्रणी परमेश्वर को अर्पित है जो हमारे हृदय में रहकर हमारा मार्गदर्शन करता है। जो उसके मार्ग पर चलता है उसको वह शक्ति देता है और उसका वर्धन करता है।

# पूंजीगत परिसम्पत्तियों का सृजन शीर्ष प्राथमिकताः अग्रवाल

संवाददाता

देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में अभिवृद्धि राज्य की शीर्ष प्राथमिकता है।



आज यहां वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में अभिवृद्धि राज्य की शीर्ष प्राथमिकता है। सुनहरे भविष्य के लिए निजी क्षेत्र में निवेश की वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार में भी राज्यों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए "स्कीम फॉर स्पेशियल एसिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2023-24' के अन्तर्गत राज्यों के लिए सितम्बर 2023 तक पूंजीगत व्यय के लक्ष्य निर्धारित किये है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के लिए वार्षिक लक्ष्य 8797 करोड़ (स्कीम में निवेश के अतिरिक्त) का 45 प्रतिशत पूंजीगत व्यय करने का लक्ष्य था। इस प्रकार लगभग 4000 करोड़ (स्कीम के अतिरिक्त) के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य था। मंत्री ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वित्त विभाग ने विशेष प्रयत्न किए। बजट प्रावधान के अनुरूप धनराशि आवंटन करने के साथ-साथ पुर्नविनियोग, आकस्मिकता निधि व अनुपूरक बजट के माध्यम से आवश्यकतानुसार प्रावधान सुनिश्चित किये गये। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के प्रतिनिधायन में शिथिलता प्रदान की गई। पुनःश्च मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कराई गयी। सम्बन्धित विभागों को समयबद्ध रूप से पूंजीगत व्यय करने हेतु प्रेरित किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक प्रवृत्ति के आधार पर यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण था। विगत वर्षों में प्रथम 6 माह में अधिकतम 2805 करोड़ का ही पूंजीगत व्यय किया गया था। महालेखाकार से प्राप्त आंकडों के आधार पर वर्ष 2019-20, 2020-21 2021-22, 2022-23 में क्रमशः 1695 करोड़,

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# भारतीय राज्य स्टेट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का जोशी ने किया उद्घाटन

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रथम अखिल भारतीय राज्य टी-20 प्रतियोगिता का गेंद खेलकर उद्घाटन किया।



आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आर्यन क्रिकेट ग्राउण्ड गजियावाला, देहरादून में डिपार्टमेन्ट क्रिकेट डवलपमेन्ट कमेटी ऑफ उत्तराखण्ड (डी.सी.डी.यू.) द्वारा प्रथम अखिल भारतीय राज्य स्टेट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का गेंद खेलकर टी-20 क्रिकेट का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। ज्ञात हो कि डिपार्टमेन्ट क्रिकेट डवलपमेन्ट कमेटी ऑफ उत्तराखण्ड के तत्वाधान में प्रथम अखिल भारतीय राज्य स्टेट टी0-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जनपद देहरादून के आर्यन क्रिकेट एकेडमी, गजियावाला में 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय सचिवालय, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल सचिवालय उत्तराखण्ड सिविल सर्वसेज सहित 08 टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों को खेल के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षा के अनुसार फिट इण्डिया मुमेन्ट के अन्तर्गत कार्मिकों को खेल के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को बढ़ावा देने के साथ साथ खिलाड़ियों के उन्नयन के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा राज्य में खेल और खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पिछले वर्ष शुरू की गई मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। प्रदेश में उभरते खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए नई खेल नीति लाई गई है। इस अवसर पर संरक्षक विपिन बलूनी, वरिष्ठ उपाध्याय राजेन्द्र चौधरी,विकास रावत, आशुतोष सेमवाल,उप सचिव विनेश राणा, किरन सहित लोग उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंक भर्ती घोटाले की हो सीबीआई जांचः मोर्चा

संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सहकारी बैंक भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई से करायी जाये।



आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सहकारी बैंक भर्ती घोटाले की जांच रिपोर्ट न्यायालय के निर्देश पर शासन ने न्यायालय के समक्ष रखी, जिसको परीक्षण के बाद न्यायालय भी सीबीआई जांच कराए जाने का पक्षधर है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि पूरा मामला सीबीआई के हवाले करें। मोर्चा विगत कई माह से इस घोटाले को लेकर मुखर है एवं सूचना आयोग भी कड़ी टिप्पणी दे चुका है। नेगी ने कहा कि जांच समिति ने 20 जून 2022 को जिला सहकारी बैंक, देहरादून की रिपोर्ट, 2 सितंबर 2022 को पिथौरागढ़ सहकारी बैंक एवं 26 सितंबर 2022 को उधम सिंह नगर की जांच रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर दी थी। नेगी ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश के सहकारी बैंकों में 423 चतुर्थ श्रेणी (सहयोगी/गार्ड) कर्मचारियों की भर्ती कराई गई थी, जिसमें देहरादून, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा व उधम सिंह नगर जनपद में बड़े पैमाने पर जालसाजों ने भर्ती घोटाले को अंजाम दिया था, जिसको लेकर सरकार ने 01अप्रैल 2022 को जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। नेगी ने कहा कि उक्त भर्तियों में एक पद 10 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक बेचा गया था, जिसकी पुष्टि जालसाजों व नौकरी पाए अभ्यर्थियों के बैंक खातों में हुए लेनदेन की डिटेल से पुष्टि की जा सकती है। इन घोटाले बाजों ने अपने रिश्तेदारों के साथ- साथ बैंक में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों के रिश्तेदारों/ परिजनों से मोटी रकम हासिल कर नौकरियां बांट दी थी। पत्रकार वार्ता में मोहम्मद असद व प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद थे।

# महंगी व यूनिक चीजों को खरीदना बेहद पसंद करती हैं इन राशियों की लड़कियां!

हमारे स्वभाव, पसंद, नापसंद पर ज्योतिषशास्त्र का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसतरह ही किसी की भी रूचियों, पसंद, नापसंद, स्वभाव के बारे में काफी हद तक उसकी राशि से पता लगाता जा सकता है। ऐसे में जहां कुछ लोग शांत व धीरज रखने वाले होते हैं, उसी तरह कुछ हर चीज में अपना गुस्सा दिखाने में माहिर होते हैं। इसी तरह बहुत से लोग पैसों को संभालना तो कई हाई लाइफ- स्टाइल जीना पसंद करते हैं। तो चलिए आज हम राशि के हिसाब से उन 5 राशियों की लड़कियों के बारे में बताते हैं, जिन्हें बेहद खर्चीली स्वभाव की कहा जा सकता है। इन्हें महंगी व यूनिक चीजों को खरीदना बेहद अच्छा लगता है। तो चलिए जानते हैं लड़कियों के बारे में विस्तार से...

वृष राशि

इस राशि की लड़कियों को महंगी चीजों, कपड़े, जूते आदि का बेहद शौक होता है। ऐसे में ये लड़कियां हाइ लाइफ- स्टाइल जीन पसंद करती है। इन्हें हर चीज अच्छी व क्वालिटी की खरीदना पसंद होता है। हम यूं भी कह सकते हैं कि इस राशि की लड़कियां सस्ती चीजें बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है। ऐसे में अगर इन्हें कोई गिफ्ट भी देना चाहे तो ये हाई क्वालिटी व महंगी चीजों का ही शौक रखती है।

सिंह राशि

ये लड़कियां अपनी राशि के अनुसार ही काफी आक्रामक मानी जाती हैं। इनकी जिंदगी में रुपये-पैसों की कोई वैल्यू नहीं होती। हम ऐसे भी कह सकते हैं कि पैसों के मामले में ये बेहद दिलदार किस्म की होती है। ऐसे में जहां पैसा खर्च करने की बात आती है तो यह सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों पर भी खर्च करने को तैयार रहती हैं। बहुत बार इनके द्वारा कोई महंगी चीज खरीदने का मतलब दूसरों को गिफ्ट देना होता हैं। इसतरह सिंह राशियों की लड़कियां हाई लाइफ स्टाइल जीने के साथ बहुत महंगे शौक रखती है।

धनु राशि

इस राशि की लड़कियां स्वतंत्र सोच-विचार की होने से अपनी मर्जी के मुताबिक जिंदगी जीना पसंद करती हैं। ये जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल करती है। ऐसे में आर्थिक स्थिति मजबूत होने से ये पैसों में को खर्च करने से नहीं कतराती हैं। इन्हें नई और महंगी चीजों को खरीदने का शौक होता है। ऐसे में ये इनके पास यूनिक और महंगी चीजों का कलेक्शन होता है। इसके साथ ही ये अपने पार्टनर में भी इसी खूबी की तलाश में होती है।

मकर राशि

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, इस राशि की लड़कियां बहुत ही पैशनेट और हार्डवर्किंग होती है। ऐसे में ये खूब पैसा कमाती है। बात अगर किसी चीज को खरीदने की आए तो अच्छी चीजों के सामने पैसे नहीं देखते हैं। इस राशि के लोगों को थोड़ा स्वार्थी माना जाता हैं। साथ ही इनके बारे सोचा जाता है कि ये अपने बारे में ज्यादा सोचते हैं। ऐसे में ये शॉपिंग करने में पैसों को खर्च करने से कतराती नहीं है। साथ ही इन्हें ऑनलाइन शॉपिंग करना बेहद पसंद होता हैं। साथ ही इन्हें ऐसे पार्टनर की तलाश में रहती है जो इनके सारे शौक पूरे कर सके।

कुंभ राशि

इस राशि की लड़कियों को हर चीज एकदम परफेक्ट चाहिए होती है। ऐसे में चाहे उसे खरीदने के लिए इन्हें काफी खर्च करना पड़े। मगर फिर भी ये पीछे नहीं हटती। इन्हें महंगे, नए और अलग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेना पसंद होता है। उदाहरण के तौर पर अगर बाजार में कोई नया फोन आए तो ये उसे खरीदने के बारे में सोचने लगेंगे। ऐसे में हम यह भी कह सकते हैं कि इन लड़कियों को बेमतलब खर्च करने की आदत होती है।( आरएनएस)

# हाउस वाइफ बिना एक्सारसाइज किए घटा सकती हैं अपना वजन

आज हम घरेलू महिलाओं को वजन कम करने के कुछ तरीके बता रहे हैं. आइए इनके बारे में जानते हैं...

वॉक करने से अच्छी एक्सरसाइज कोई नहीं हो सकती. वॉक करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज हो जाती है. इसलिए जितनी हो सके वॉक करना चाहिए. वॉक करने के लिए आप एक समय को निर्धारित कर लें. एक निश्चित समय तक आप रोज चहलकदमी करें. इससे आपके शरीर में ऊर्जा आएगी. कुछ दिनों के बाद ही आपको महसूस होगा कि आपकी हेल्थ में बड़ा सुधार हुआ है. इस काम के लिए आपको बहुत संघर्ष नहीं करना पड़ेगा. इसके लिए आपको थोड़ी सी इच्छाशक्ति की आवश्यकता है.

बचपन में हम घंटों इस एक्टिविटी को करते हैं. आज खुद को फिट रखने के लिए इस एक्टिविटी को अपने रुटीन में शामिल करना चाहिए. हाइस वाइफ को खुद को फिट रखने के लिए इस एक्सरसाइज को करना चाहिए. रोजाना सिर्फ 1० मिनट स्किपिंग करके आप अपना वजन तेजी से कम कर सकती हैं. यह फुल-बॉडी वर्कआउट आपकी हड्डियों और मसल्स को हेल्दी रखने में मदद करता है. इसे आप किसी भी उम्र में कर सकती हैं.

डांस करना लोगों की पसंद होती है. यह एक ऐसा शौक है, जिसके साथ आप खुद को फिट रख सकते हैं और नया गुण भी सीख सकते हैं. साथ ही ऐसा रोजाना कुछ देर करने से आप अपना वजन कम कर सकती हैं. अगर आप म्यूजिक लवर हैं और धुनों पर पैर थिरकाना आपको पसंद है तो यह खुद को फिट रखने के लिए ये सबसे अच्छी एक्सरसाइज है. अगर आपको अकेले डांस करना पसंद नहीं है तो अपने दोस्तों और परिवार के साथ डांस कर सकती हैं.( आरएनएस)

# कैबिनेट मंत्री ने विद्युत सब स्टेशन बनाने के दिये निर्देश

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्युत विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों को पुरकूल में सब स्टेशन बनाने के निर्देश दिये।

आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज कैंप कार्यालय में देहरादून सैन्य धाम के निकट पुरकूल गांव में स्थापित होने वाले सब स्टेशन (बिजली घर) के निर्माण के संबंध में विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया कि सब स्टेशन के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। जिसपर मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए तत्काल भूमि के चयन के लिए संयुक्त बिजिट करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा शीघ्र अति शीघ्र पुरकुल गांव में



स्थापित होने वाले सब स्टेशन के लिए भूमि का चयन कर निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में मंत्री ने सुवाखोली में बनने जा रहे सब स्टेशन को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा सुवाखोली में बनने जा रहे सब स्टेशन के लिए आरडीएसएस योजना के तहत भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। मंत्री ने अधिकारियों को कागजी कार्यवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त मंत्री गणेश जोशी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सड़े गले खम्बो की मरम्मत और जो बिजली के खंबे जीर्ण अवस्था में है उनके स्थान पर नए बिजली के खम्बो को लगाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीम नंदन कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, सी.ई. यूपीसीएल एम.आर.आर्य, एस.ई यूपीसीएल प्रभाकर बहुगुणा, ईई एस.डी. बिष्ट, ईई सिविल राकेश कुमार, एसडीओ राकेश कुमार, एसडीओ एस.बी.यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने नौटियाल

संवाददाता

देहरादून। अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के अनिल कुमार नौटियाल जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए।

आज यहां अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तराखंड की बैठक श्री पूर्णा नन्द इंटरमीडिएट कॉलेज मुनि की रेती ऋषिकेश में संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष चिंता मणि सेमवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए जनपद देहरादून, टिहरी गढ़वाल एवँ पौड़ी गढ़वाल के जिला अध्यक्षों, जिला मंत्रियों एवँ कोषाध्यक्षों का मनोयन किया गया । बैठक में जनपद देहरादून के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर अनिल कुमार नौटियाल ने संरक्षक मंडल एवं प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद देहरादून आपके साथ खड़ा रहेगा। जिला अध्यक्ष बनने पर नौटियाल ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों का अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ एक मात्र पंजीकृत संगठन



है। साथियों को इस संबंध में भ्रमित नहीं होना चाहिए उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अनुरोध किया है कि वह सभी इस संगठन के बैनर तले आए, जिससे विगत 7 वर्षों से धरातल पर गए संगठन को पूर्व की तरह वही गौरव और सम्मान मिल सके जो की पूर्व के चार प्रांतीय अध्यक्षों प्रेम सिंह सजवान, प्रदीप डबराल, जयप्रकाश बहुगुणा एवं राजेश सिंह नेगी जी के कार्यकाल में था। नौटियाल ने जनपद देहरादून के सभी शिक्षक भाई बहनों का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से अपने विगत 12 वर्षों से जिला मंत्री के रूप में कार्य करते हुए अपना अपार समर्थन एवं सहयोग दिया तथा हर समय समस्याओं समाधान के लिए साथ खड़े रहे हैं, इसी प्रकार आगे भी समस्याओं के निराकरण हेतु आपका सहयोग एवं समर्थन मिलता रहेगा जिससे कि हम सब मिलकर विभाग एवं शासन स्तर पर अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकें। बैठक में अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रान्तीय अध्यक्ष संजय बिजल्वाण ने कहा कि अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों का प्रदेश में एक मात्र संगठन है।

# केसर खाएं, दाग-धब्बे हो जाएंगे दूर

केसर के रेशों को आमतौर पर डिप्रेशन में इस्तेमाल किया जाता है ताकि जल्द से जल्द आराम मिल जाए। आयुर्वेदिक दवाओं में भी केसर को अहम माना जाता है। केसर से चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। अगर आंखों के नीचे काले गड्ढे हो गए हैं तो वे भी ठीक हो जाते हैं। साथ ही चेहरे पर दमक आती है। तो आइए जानते हैं केसर के अन्य फायदों के बारे में-



केसर खाने से भूख खुलकर लगने लगती है। इससे पाचन भी ठीक रहता है। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को होने वाले दर्द में केसर राहत देता है। इसके कोई दुष्परिणाम भी नहीं होते हैं। यह उन दिनों में हारमोन्स को संतुलित बनाए रखने में मददगार साबित होता है। केसर से चेहरे पर होने वाले पस भरे दाने व कील-मुहांसे भी ठीक हो जाते हैं। तुलसी, केसर और शहद को मिलाकर चेहरे पर 15 मिनट लगाएं, बाद में गुनगुने पानी से धो लें। केसर से बालों को झड़ने से रोका जा सकता है। एक कटोरे में एक चुटकी केसर, लिकोरिक पाउडर और दूध को अच्छे से मिला लें और इसे बालों पर लगाएं। बाद में धो लें। बालों का झड़ना बंद हो जाए। केसर के इस्तेमाल से किडनी में होने वाली पथरी का इलाज संभव है। यह बीपी को दुरुस्त बनाए रखता है और पेट दर्द में भी राहत मिलती है।

शरीर में धूप पड़ने से कालापन आ जाता है जिसे सन टैनिंग कहा जाता है। केसर के इस्तेमाल से टैनिंग को हटा सकते हैं और त्वचा को वापस सामान्य अवस्था में ला सकते हैं। अगर किसी को सीने में जलन की समस्या होती है तो उसे केसर से फायदा हो सकता है। केसर से मेमरी स्ट्रॉन्ग हो जाती है। कमजोर याद्दाश्त अच्छी हो जाती है। सीखने की प्रक्रिया में भी केसर का सेवन फायदेमंद होता है। केसर से श्वास सम्बंधी समस्या से छुटकारा मिल जाता है। अस्थमा होने पर केसर जरूर खाना चाहिए, इससे काफी राहत मिलती है।

# महिला आरक्षण 2029 से या 2034 से?

इसको लेकर बड़ा कंफ्यूजन है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जो महिला आरक्षण बिल पास करा कर कानून बना रही है वह कब से लागू होगा? यह सबको पता चल गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यह नहीं लागू होने जा रहा है। लेकिन यह 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू होगा या उसके बाद भी पांच साल यानी 2034 तक इंतजार करना होगा, इसे लेकर कंफ्यूजन है। यह कंफ्यूजन सरकार विरोधी कुछ यूट्यूबर्स ने फैलाया और उसे कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने और बढ़ा दिया। सप्पल ने ट्विटर यानी एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि यह बिल 2029 में भी लागू नहीं हो पाएगा। उन्होंने 2002 के परिसीमन और उसके बाद उस पर रोक लगाने वाले संविधान संशोधन कानून के आधार पर यह दावा किया कि महिला आरक्षण के लिए अभी और इंतजार करना होगा हैरानी की बात है कि लोकसभा में अमित शाह द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बावजूद कंफ्यूजन बना हुआ है।

अमित शाह ने बहुत साफ शब्दों में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जनगणना और परिसीमन का काम होगा। इसके बाद संशय खत्म हो जाना चाहिए था। लेकिन फिर भी राजनीतिक कारणों से विवाद चल रहा है। असल में 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार की ओर से किए गए संशोधन में यह प्रावधान किया गया था कि 2026 से पहले लोकसभा सीटों का परिसीमन नहीं होगा। उसमें यह भी कहा गया था कि 2026 के बाद परिसीमन की छूट होगी लेकिन वह उसके बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों पर होगी।

उस कानून के मुताबिक 2026 में परिसीमन का रास्ता तो साफ हो जाएगा लेकिन वह 2031 की जनगणना के आंकड़ों पर ही होगा। इसी को आधार बना कर दावा किया जा रहा है कि उस जनगणना के आंकड़े 2032-33 में आएंगे और उसके बाद परिसीमन होगा इसलिए महिल आरक्षण 2034 या 2039 में लागू होगा। लेकिन ऐसा दावा करने वाले यह भूल जा रहे हैं कि जनगणना का चक्र अब बदल गया है। 2021 में जनगणना नहीं हुई है और वह जनगणना 2024-25 में होगी इसलिए 2026 के बाद परिसीमन के लिए 2031 की जनगणना का इंतजार नहीं करना होगा। दूसरे, अगर इसके रास्ते में कोई कानूनी बाधा आती है तो सरकार जब चाहे तब संशोधन करके समय सीमा बदल सकती है, जैसे वाजपेयी सरकार ने बदला था। (आरएनएस)

# बारीक कूटनीति का वक्त

यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा।

कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों के बाद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की जो प्रतिक्रिया आई है, उसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। इन तीनों देशों ने कनाडा के इस रुख में स्वर मिलाया है कि खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत को कनाडा से पूरा सहयोग करना चाहिए। उधर इन देशों के मीडिया में कथित खालिस्तान आंदोलन का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। अखबारों में लंबी रिपोर्टें छपी हैं, जिनमें सिख समुदाय, खालिस्तान की मांग, इसके इतिहास, कनाडा के उससे संबंध आदि की विस्तार से चर्चा की गई है। उधर ब्रिटेन के अखबारों में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की कई महीने पहले हुई मौत की खबरें फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। डॉक्टरों ने तब दो टूक कहा था कि खांडा की मौत कुदरती वजहों से हुई, लेकिन अब उसके परिजनों के बिना किसी साक्ष्य के लगाए गए इन आरोपों को जगह मिल रही है कि उसकी हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ था।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने इस वर्ष हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की हुई घटनाओं के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। इसमें परिस्थितिजन्य आधार पर कहा गया है कि यह काम खुद हिंदुत्ववादी संगठनों ने किया और उनका मकसद सामाजिक तनाव पैदा करना था। गौरतलब है कि ये तमाम देश वो हैं, जिन्होंने हाल में भारत को अपने पाले में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए रखा है। मगर इस कहानी का दूसरा पहलू यह भी है कि भारत ने भी उनके साथ रिश्ते को रणनीतिक कारणों से प्राथमिकता दी हुई है। अब इसमें एक बड़ा पेंच फंस सकता है। एंग्लो-सैक्सन पृष्ठभूमि वाले देशों में खानदानी किस्म का जुड़ाव है। भारत इस पहलू को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इसलिए यह वक्त बारीक कूटनीति का है। 'मर्दाना' विदेश नीति का नैरेटिव घरेलू समर्थक वर्ग के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच इस रुख को अपनाना हानिकारक होगा। ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि पश्चिम से रिश्तों में खटास आई, तो उससे सबसे ज्यादा खुश चीन और पाकिस्तान जैसे देश होंगे। इसलिए भारत को यह जोखिम नहीं उठाना चाहिए। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# जानिए बाल झड़ने से रोकने के आयुर्वेदिक उपाय



प्रेग्नेंसी और डिलीवरी के बाद किसी महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। एक तरफ मां बनने की खुशियां और दूसरी तरफ कई सारी चुनौतियों से निपटना पड़ता है। ये चुनौतियां मेंटल और फिजिकल दोनों तरह की हेल्थ से जुड़ी होती हैं। इसी में से एक है हेयर फॉल की समस्याएं। प्रेगनेंसी के बाद ज्यादातर महिलाएं इस समस्या से दो चार होती हैं। एक अनुमान है कि नई मां एक दिन में करीब 400 बाल झड़ जाते हैं। जबकि एक आम महिला में एक दिन में 80-100 बाल झड़ते हैं। आइए जानते हैं प्रेग्नेंसी के बाद क्यों हेयरफॉल ज्यादा होते हैं और इससे बचने के क्या उपाय हैं।।।

प्रेगनेंसी के बाद हेयरफॉल का कारण

आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मेडिकल में इस प्रॉब्लम को पोस्टपार्टम टेलोजेन एफ्लूवियम कहा जाता है। यह उन समस्याओं में आता है जो प्रेग्नेंसी को दौरान होने वाले हार्मोनल चेंजेस के कारण महिलाओं में होती हैइसमें महिलाओं के बाल काफी झड़ते हैं। दरअसल, गर्भावस्था की शुरुआत में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन के लेवल में लगातार बढ़ोतरी के कारण हेयर ग्रोथ या बाल बढने का सिलसिला चलता रहता है। जिससे महिलाओं के बाल घने और पहले से ज्यादा चमकदार बन जाते हैं। लेकिन जब बच्चे का जन्म हो जाता है तब बाद में एस्ट्रोजन का लेवल गिर जाता है और बाल झड़ने लगता है। हालांकि, धीरे-धीरे ये समस्या ठीक भी हो जाती है। कुछ आयुर्वेदिक उपाय से इस समस्या से राहत पा सकती हैं।

हेयर फॉल रोकने का आयुर्वेदिक उपाय

हर्बल ऑयल और सीरम से हेड मसाज

ऑर्गेनिक चीजों के जरिए ट्रीटमेंट्स के साइड इफ़ेक्ट्स कम ही देखने को मिलते हैं। इनसे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। अगर नियमित तौर पर भृंगराज, ब्राह्मी या आंवला जैसे आयुर्वेदिक तेलों से सिर की मालिश करने से बालों का झड़ना कम हो जाता है।

आयुर्वेदिक सप्लीमेंट का इस्तेमाल

कुछ आयुर्वेदिक सप्लीमेंट्स जैसे- अश्वगंधा, शतावरी या त्रिफला हार्मोन के कारण होने वाले हेयर फॉल को काफी हद तक रोक देता है। इससे बालों की सेहत सुधरती है। हालांकि, इन चीजों के इस्तेमाल से पहले एक्सपर्ट्स की राय जरूर लें।



हर्बल शैम्पू से रुकेंगे हेयर फॉल

बालों की ग्रोथ और कंडीशनिंग के लिए हल्के और हर्बल शैंपू के साथ ऐसे कंडीनशर का चुनाव करना चाहिए जो सल्फेट्स और पैराबीन से मुक्त होते हैं। प्रोडक्ट्स की पूरी जानकारी के बाद इसका इस्तेमाल करें। बालों में किसी भी केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें।

बालों की केयर करें

हर्बल हेयर मास्क सिर और बालों को अच्छी तरह पोषण देते हैं। इससे कई तरह की प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं। हर्बल हेयर मास्क बालों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें आंवला, शिकाकाई, ब्राह्मी या मेथी जैसी जड़ी-बूटियां मिलाकर इस्तेमाल करने से बालों का गिरना कम हो सकता है।

बालों का केयर करते समय इन बातों का रखें ध्यान

बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं में बाल गिरने की समस्या कुछ दिन बाद ठीक हो जाती है। इसलिए पौष्टिक आहार, स्ट्रेस लेवल को कंट्रोल करके और सही आयुर्वेदिक उपाय से आप बालों का गिरना कम कर सकते हैं। ऐसे में किसी भी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में जल्दबाजी न करें। इससे बाल मजबूत और सुंदर बनते हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -058

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## मोहनलाल अभिनीत फिल्म मलाईकोट्टई वालिबन अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी

मलयालम मेगास्टार मोहनलाल जल्द ही आगामी फिल्म मलाईकोट्टई वालिबन में दिखाई देंगे क्योंकि फिल्म ने अपनी रिलीज की तारीख 25 जनवरी, 2०24 तय कर ली है। फिल्म का निर्देशन लिजो जोस पेलिसरी ने किया है, जिनकी पिछली फिल्म जल्लीकट्टू 2०2० में ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी।

फिल्म में सोनाली कुलकर्णी, हरीश पेराडी, मनोज मोसेस, कथा नंदी, दानिश सैत और मणिकंदन आर. अचारी भी हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, मोहनलाल ने कहा लिजो जोस पेलिसेरी के साथ काम करना बहुत समृद्ध रहा है क्योंकि उनका सिनेमाई दृष्टिकोण पूरी तरह से अद्वितीय है। उनकी फिल्में न केवल अपनी तकनीकी कुशलता के लिए बल्कि अपने विषयों के लिए भी अलग हैं और यह परियोजना भी अलग नहीं है। मुझे उम्मीद है हम साथ मिलकर दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतर सकेंगे।



यह फिल्म स्वतंत्रता-पूर्व युग पर आधारित है, और यह एक सामूहिक एक्शन मनोरंजक फिल्म है, जिसके दृश्य देखने लायक हैं क्योंकि इसकी शूटिंग लगभग 13० दिनों तक राजस्थान, चेन्नई और पुडुचेरी में की गई थी।

निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी ने कहा, यह एक पीरियड फिल्म है, जिसमें मोहनलाल सर जैसी गंभीरता वाले किसी व्यक्ति की जरूरत थी और हमने मिलकर जो बनाया है उस पर हमें बहुत गर्व है। उनके जैसे दिग्गज के साथ काम करना अवर्णनीय है क्योंकि वह जीवन भर के अनुभव के साथ आते हैं। एक अभिनेता। उसे किरदार में गायब होते देखना अविश्वसनीय है।

फिल्म पीएस रफीक द्वारा लिखी गई है और इसमें मधु नीलकंदन की सिनेमैटोग्राफी और प्रशांत पिल्लई का संगीत है।

शिबू बेबी जॉन, अचू बेबी जॉन, कोचुमोन सेंचुरी, जैकब बाबू, विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार द्वारा निर्मित और जॉन एंड मैरी क्रिएटिव, सेंचुरी फिल्म्स और मैक्सलैब सिनेमाज एंड एंटरटेनमेंट के सहयोग से यूडली फिल्म्स द्वारा सह-निर्मित, यह फिल्म मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में 25 जनवरी 2०24 को रिलीज होगी।

## साल 2025 में धमाका करेगी ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर की मूवी, मेकर्स ने बुक की ये रिलीज डेट

बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक अयान मुखर्जी की मचअवेटेड मूवी वॉर 2 का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। ये फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है। इस फिल्म को लेकर एक बेहद दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है। जिसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूमने लगेंगे। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर मूवी वॉर की बंपर सक्सेस के बाद इस फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने मूवी के दूसरे पार्ट की तैयारी की है। जिसे इस बार निर्देशक सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी बनाने वाले हैं। जिसके लिए अयान मुखर्जी ने कमर कस ली है। अब खबर है कि इस फिल्म के लिए निर्माता-निर्देशक ने रिलीज डेट पर पक्की मुहर भी लगा दी है।

एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की अपकमिंग मूवी वॉर 2 के लिए मेकर्स की नजर साल 2०25 के गणतंत्र दिवस के वीकेंड पर लगी हुई है। इस बारे में एक करीबी सूत्र ने जानकारी देते हुए कहा, रिपब्लिक डे का वीकेंड हमेशा ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जबरदस्त पैसा बनाने का मौका रहा है। फिर चाहें अग्निपथ हों या फिर पठान। ऋतिक रोशन और यशराज फिल्मस दोनों ने ही इस मौके पर बड़ी सफलता का स्वाद चखा है। और अब दोनों वॉर 2 के लिए रिपब्लिक डे 2०25 के मौके पर नजर लगाए बैठे हैं। बल्कि ऋतिक रोशन की अगली फिल्म फाइटर भी साल 2०24 में गणतंत्र दिवस के वीकेंड पर ही पहुंच रही है।

इतना ही नहीं, सूत्र ने ये भी बताया कि फिलहाल ये एक टेंटेटिव डेट है। इसका अभी आधिकारिक ऐलान होने में वक्त लगेगा। सूत्र ने कहा, ये तात्कालिक रिलीज डेड है और चीजें इसी के ईर्द-गिर्द बुनी जा रही हैं। हालांकि, फिल्म की सही रिलीज डेट तभी पक्की हो सकेगी जब फिल्म नवंबर महीने में फ्लोर पर पहुंच जाए। ऐसा भी हो सकता है कि साल 2०25 में मूवी को बनने में थोड़ा वक्त लगेगा। लेकिन यशराज फिल्म्स रिपब्लिक डे के मौके पर ही अपनी मूवी रिलीज करना चाहता है।

## सौम्या टंडन ने कैमरे के सामने लगाया सिजलिंग अदाओं का तड़का

सौम्या टंडन पिछले कुछ समय से किसी शो का हिस्सा नहीं बनीं, लेकिन इसके बावजूद एक्ट्रेस लगातार लाइमलाइट में बनी हुई हैं। इसकी वजह है उनके सिजलिंग लुक्स। एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए लगभग हर दिन अपना नया अवतार शेयर कर देती हैं। अब फिर से उन्होंने ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए नया लुक शेयर किया है। इस बार एक्ट्रेस बेहद हॉट दिख रही हैं।



भाभी जी घर पर हैं से घर-घर में मशहूर हुईं सौम्या के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। अब फैंस एक्ट्रेस ने फिर फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर कर दिलों की धड़नें बढ़ा दी हैं।

लेटेस्ट फोटोशूट के लिए सौम्या ने ब्लू वन शोल्डर थाई हाई स्लिट सिल्क गाउन कैरी किया है। एक्ट्रेस इस लुक को इतने सिजलिंग अंदाज में कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है कि हर किसी की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं।

सौम्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा है।

एक्ट्रेस इस लुक में इतनी हॉट दिख रही हैं कि कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि एक्ट्रेस शादीशुदा ही नहीं, बल्कि एक बच्चे की मां भी हैं। आज भी सौम्या ने खुद को बहुत फिट रखा हुआ है।

दूसरी ओर सौम्या टंडन के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को पिछली बार भाभी जी घर पर हैं में ही देखा गया था। इसके बाद से ही एक्ट्रेस ने किसी प्रोजेक्ट के लिए साइन नहीं किया है। हालांकि, सौम्या के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बहुत बेताब हैं। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं किया है।

## चिरंजीवी की मेगा 157 का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर को पिछली बार लस्ट स्टोरी 2 में देखा गया था, जो नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। आने वाले दिनों में मृणाल पूजा मेरी जान, आंख मिचौली और पिप्पा जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आएंगी।इसके अलावा उनकी झोली में कई तेलुगु फिल्में भी हैं, जिसमें नानी की हाय नन्ना और वरुण तेज की मटका शामिल हैं।अब मृणाल के हाथ एक और बड़ी फिल्म लग गई है, जिसमें वह सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।

रिपोर्ट्स अनुसार, मृणाल सुपरस्टार चिरंजीवी की मेगा157 का हिस्सा बन गई हैं।

निर्माताओं ने मृणाल से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। मेगा157 के लिए मृणाल ने 4 करोड़ रुपये लिए हैं। हालांकि, खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

चिरंजीवी को आखिरी बार भोला शंकर में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 8० करोड़ रुपये की लागत में बनी भोला शंकर ने 42.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें चिरंजीवी के अलावा तमन्ना भाटिया, कीर्ति सुरेश और सुशांत भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।इसका निर्देशन मेहर रमेश ने किया था।

## अलगे साल करेंगे सलमान और शाहरुख टाइगर वर्सेज पठान की शूटिंग

शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान की रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए हैं। फिल्म कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है तो प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का इंतजार है। शाहरुख अब सलमान खान के साथ टाइगर वर्सेज पठान में नजर आने वाले हैं, जिसमें दोनों सितारे एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे।कहा जा रहा है दोनों सितारों को स्क्रिप्ट पसंद आ गई है और अब अगले साल शूटिंग शुरू हो जाएगी।



रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य चोपड़ा ने अलग-अलग मीटिंग में सलमान और शाहरुख को एक महीने पहले ही फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई है, जिस पर दोनों सितारे राजी हो गए। ऐसे में फिल्म की स्क्रिप्ट आधिकारिक तौर पर लॉक हो गई है।सूत्र के मुताबिक, टाइगर वर्सेज पठान में दो जासूस टाइगर और पठान की कहानी दिखेगी, जो अलग अवतार में नजर आएंगे। सलमान और शाहरुख सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म में एक-दूसरे से आमना-सामना करने के लिए उत्साहित हैं।

सूत्र के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्ट पर मुहर लग जाने के बाद अब टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दिवाली पर सलमान की फिल्म टाइगर 3 के रिलीज होने के बाद इस फिल्म पर काम शुरू होगा।कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले 5 महीने तक सितारों के साथ तैयारी की जाएगी। टीम को भरोसा है कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी।

टाइगर वर्सेज पठान को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म माना जा रहा है। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का एक हिस्सा है, जो सलमान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर फिल्म फ्रैंचाइजी के साथ शुरू हुआ था।इस यूनिवर्स में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की 2०19 में आई फिल्म वॉर भी शामिल है, जिसका दूसरा भाग आने वाला है। शाहरुख की पठान भी इसी यूनिवर्स का हिस्सा है और अब टाइगर 3 रिलीज के लिए तैयार है।

टाइगर वर्सेज पठान के साथ शाहरुख और सलमान 25 साल बाद मुख्य भूमिका में साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले दोनों फिल्म करण अर्जुन में साथ दिखे थे। हालांकि, पठान में सलमान ने कैमियो किया था और अब टाइगर 3 में शाहरुख कैमियो करेंगे।

सलमान करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म का हिस्सा हैं, जिसमें अब सामंथा रुथ प्रभु के शामिल होने की खबर सामने आ रही है।इसके अलावा सलमान फिल्म नो एंट्री के सीक्वल में भी नजर आएंगे।शाहरुख क्रिसमस के मौके पर अपनी फिल्म डंकी लेकर आएंगे, जिसमें उनके साथ तापसी पन्नू की जोड़ी बनी है।शाहरुख सुहाना खान के साथ एक थ्रिलर फिल्म और आर्यन खान की वेब सीरीज स्टारडम का भी हिस्सा हैं। (आरएनएस)

# उत्तर कोरिया से रूस तो दक्षिण कोरिया से अमेरिका को हथियार!

श्रुति व्यास

समय का पहिया पूरा घूम चुका है। ऐसा क्यों माना जाए? यह जानने के लिए पिछले हफ्ते के घटनाक्रम पर नजर डाले। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथउत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की मुलाकात काफी बढ़ि?ा हुई। हम जानते ही हैं कि चोर-चोर सगे नहीं तो मौसेरे भाई तो होते ही हैं। लिहाज़ा, दोनों ने साथ बैठकर वाइन पी, एक-दूसरे की तारीफों के पुल बांधे और एक-दूसरे को सैनिक साजो-सामान देने का भरोसा दिलाया। हालांकि सैन्य सौदे का विस्तृत विवरण मास्को और प्योंग्यांग दोनों में से किसी ने नहीं दिया और ना ही इसकी उम्मीद है। पुतिन की यह पहल, दरअसल, एक हताश व्यक्ति की मदद की गुहार है। और वह भी अपने समकालीन तानाशाह किम जोंग से। सिर्फ रूसी राष्ट्रपति ही कोरिया से मदद नहीं मांग रहे हैं बल्कि अमेरिका भी दूसरे कोरिया, यानि दक्षिण कोरिया से सहायता चाह रहा है। ऐसी खबरें हैं कि दक्षिण कोरिया बड़ी मात्रा में तोप के गोले अमेरिका भेज रहा है। हालांकि उसका दावा है कि वह सीधे यूक्रेन को किसी भी प्रकार के घातक हथियार प्रदान नहीं कर रहा है लेकिन अमेरिकी सेना कोरियाई गोले मिलने के बाद पहले से मौजूद अपने स्टॉक का बड़ा हिस्सा यूक्रेन को देने की स्थिति में आ जाएगा।

लगभग सत्तर साल पहले अमेरिका और रूस दोनों हथियार और अन्य सहायता क्रमशः दक्षिण और उत्तर कोरिया को देते थे, जिसका उपयोग ये दोनों देश आपस में चल रहे युद्ध में करते थे। पर समय का चक्र ऐसा घूमा की अब एक दूसरे युद्ध के लिए अमेरिका और रूस अपने-अपने कोरियाई मित्रों से सहायता ले रहे हैं।

कोरियाई युद्ध आधिकारिक तौर पर कभी खत्म नहीं हुआ। हालांकि सन् 1953 में युद्धविराम के बाद लड़ाई बंद हो गई लेकिन दोनों देशों के बीच शीत युद्ध आज भी जारी है। इसका नतीजा है दोनों देशों के बीच हथियार हासिल करने की दौड़ है,और दोनों के पास मौजूद हथियारों का विशाल भंडार है।

दक्षिण कोरिया के विपरीत उत्तर कोरिया में तानाशाही रही। इसलिए वह दुनिया से अलग-थलग और गरीब है। लेकिन सैन्य दृष्टि से वह काफी शक्तिशाली है। उसने सोवियत हथियार प्रणालियों की रिवर्स इंजीनियरिंग करके मिसाइलें बना ली हैं। माना जाता है कि उसने अपनी शुरूआती इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें यूक्रेन से काले बाजार में खरीदीं और सीरिया और ईरान जैसे देशों को हथियार बेचकर खासी कमाई की।

इस बीच दक्षिण कोरिया ने भी रक्षा क्षेत्र में विकास किया और अमरीका की मदद से अपना रक्षा उद्योग विकसित किया। आज वह टैंक, होविटजर, मिसाइलें, लड़ाकू विमान और बख्तरबंद गाडि?ां बेचकर युद्ध में यूक्रेन की मदद कर रहा हैं। इससे न केवल दक्षिण कोरिया को कमाई हो रही है वरन् वह पहले मिली मदद का अहसान भी चुका पा रहा है।

आश्चर्य जो अमेरिका और दक्षिण कोरिया केमध्य मदद-के-बदले मदद का खेल दुनिया को बुरा नहीं लग रहा है। मगर रूस और उत्तर कोरिया की खतरनाक जुगलबंदी से दुनिया खौफजदा है। इकानामिस्ट पत्रिका का मानना है कि दोनों देशों के बीच हो रहे सौदों से न सिर्फ यूक्रेन के लिए समस्या अधिक गंभीर होगी बल्कि एशिया में परमाणु हथियारों का खतरा भी बढ़ेगा। यह चिंता एकदम जायज है, और चीन भी इससे फिक्रमंद है। हालांकि चीन यूक्रेन युद्ध में शुरू से रूस का समर्थन कर रहा है, लेकिन वह रूस और उत्तर कोरिया की बढ़ती नजदीकियों से चिंतित है। परंपरागत रूप से चीन और उत्तर कोरिया के सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं रहे हैं लेकिन हाल के दौर में व्यापार, खाद्यान्न और ईंधन के आयात के लिए वह चीन पर निर्भर रहा है। अतः चीन कुछ शर्तों के साथ, उत्तर कोरिया का समर्थन करता रहा है। लेकिन किम जोंग और पुतिन की मुलाकात के नतीजे में उत्तर कोरिया को न सिर्फ सैन्य तकनीकी बल्कि खाद्यान्न और ईंधन भी हासिल हुए हैं। इसका मतलब है कि उत्तर कोरिया की चीन पर निर्भरता कम होगी और उत्तर कोरिया पर चीन की पकड़ भी।

रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती रिश्तों की गर्माहट के बावजूद इसमें संदेह है कि पुतिन उत्तर कोरिया को पूरी तरह कारगर आईसीबीएम बनाने या परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बियां बनाने की तकनीक देंगे। क्योंकि रूस, उत्तर कोरिया और चीन के बीच आपसी परस्पर विश्वास इतना कम है कि इनके बीच का कोई भी गठजोड़ भरोसेमंद या टिकाऊ नहीं होगा।

कुछ भी हो, हर दिन दुनिया में नए खतरे, चुनौतियां, शत्रुता, मित्रता, दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि उत्पन्न हो रही हैं। और यह सब बदलते वक्त की फितरत है। हो सकता है एक दिन अमेरिका, चीन, और रूस अपने मतभेद, युद्धों की यादें और आपसी घृणा का इतिहास भुलाकर सबसे पहले तेजी से ताकतवर हो रहे तीनों के साझा शत्रु - उत्तर कोरिया - से मिलकर निपटने का कोई फैसला करें।

# कहीं आप भी तो नहीं कर रहे हैं जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज!

एक्सरसाइज करने से शरीर सेहतमंद रहता है। यह हर मर्ज की दवा मानी जाती है। अगर एक्सरसाइज आपकी डेली रुटीन का हिस्सा है तो यह आपको फिट रखता है और कई बीमारियों से दूर भी। लेकिन यह भी सच है कि अगर एक्सरसाइज जरूरत से ज्यादा हो जाए तो यह सेहत के लिए खतरनाक भी बन जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ओवर वर्कआउट और डाइटरी सप्लीमेंट्स का सेवन दिल की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए एक्सरसाइज करने से पहले अपने शरीर की क्षमता को समझ लेना चाहिए। आइए जानते हैं ज्यादा एक्सरसाइज करने से क्या नुकसान हैं।

ज्यादा एक्सरसाइज हार्ट की सेहत के लिए क्यों खतरनाक

फिजिकल एक्टिविटी दिल की सेहत के लिए रामबाण है। ऐसा करने से हार्ट से जुड़ी कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। लेकिन जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज हार्ट को नुकसान भी पहुंचा सकता है। ज्यादा एक्सरसाइज से ओवरस्ट्रेनिंग सिंड्रोम हो सकता है और हार्ट बीट बढ़ सकती है। इससे हाई ब्लड प्रेशर और इंफ्लेमेशन का खतरा भी बढ़ सकता है। इन सभी के होने से हार्ट पर बुरा असर पड़ सकता है।

दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा किसको

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एक्सट्रीम एंड्योरेंस स्पोर्ट्स एक्टिविटीज जैसे मैराथन रेस या अल्ट्रा-एंड्योरेंस इवेंट्स का हिस्सा बनने वालों में हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है। लंबे समय तक कठिन एक्सरसाइज करने से कार्डियक रीमॉडेलिंग भी हो सकती है, जिससे हार्ट की संरचना और कार्यप्रणाली में कई बार इस तरह के बदलाव भी हो सकते हैं जो अनहेल्दी होते हैं। इसकी वजह से एरिथमिया यानी दिल की अनियमित धड?न, कोरोनरी धमनी (आर्टरी) और मायोकार्डियल इन्फार्कशन (हार्ट अटैक) का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है।

डाइटरी सप्लीमेंट्स हार्ट के लिए क्यों नुकसानदायक

डाइटरी सप्लीमेंट्स जैसे विटामिन, मिनिरल और हर्बल प्रोडक्ट्स दिल की सेहत के लिए फायदेमंद बताकर बेचा जाता है। इनमें से कई सप्लीमेंट्स हार्ट फंक्शनिंग के लिए जरूरी पोषक त्वों वाले होते हैं लेकिन कुछ का बुरा असर भी पड़ता है। ऐसा भी हो सकता है कि ये प्रोडक्ट्स बिना किसी मानक के बेचे जा रहे है और इसकी वजह से दिल की सेहत प्रभावित हो सकती है। इसलिए सावधानीपूर्वक ही इनका सेवन करना चाहिए।

एक्सरसाइज को लेकर ध्यान दें

वर्कआउट और शरीर को आराम देने के बीच संतुलन बनाकर रखें।

एक्सरसाइज करने के लिए शरीर को ओवरस्ट्रेन करने से बचें।

किसी भी तरह के डाइटरी सप्लीमेंट्स के इस्तेमाल से पहले हेल्थ एक्सपर्ट्स की सलाह लें। एक्सरसाइज और खानपान को लेकर भी एक्सपर्ट्स की सलाह लें। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.058

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

# सवाल सॉफ्ट पॉवर का

जस्टिन ट्रुडो ने जो कहा, उसका अर्थ है कि भारत सरकार दूसरे देशों के जमीन पर अवैध कार्यों को प्रायोजित करती है। स्पष्टतः ऐसे आरोप को कोई देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। बहरहाल, इस प्रकरण से कई गंभीर मुद्दे जुड़े हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भारत पर बेहद गंभीर आरोप लगाने का निर्णय इस मौके पर क्यों लिया, इस बारे में बाकी दुनिया सिर्फ कयास लगाने की स्थिति में ही है। उनके इस आरोप से सारी दुनिया चौंक गई है कि 'भारत सरकार की एजेंसियों ने' कनाडा की जमीन पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या की। ट्रुडो ने दावा किया कि इस बारे में कनाडा के 卐विश्वसनीय सबूत卐 हैं। उचित ही भारत ने उसका कड़ा जवाब दिया। भारत ने कनाडा के आरोप को सिरे ठुकरा दिया और कनाडा स्थित भारतीय खुफिया अधिकारी को देश से निकालने के ट्रुडो सरकार के फैसले के जवाब में समान स्तर के कनाडाई अधिकारी को निकाल दिया। ट्रुडो ने जो कहा, उसका अर्थ है कि भारत सरकार दूसरे देशों के जमीन पर अवैध कार्यों को प्रायोजित करती है। स्पष्टतः ऐसे आरोप को कोई देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। बहरहाल, इस प्रकरण से कई गंभीर मुद्दे जुड़े हैं।

कनाडा खुफिया साझा करने फाइव आई (पांच नेत्र) गठबंधन का हिस्सा है, जिसके बाकी चार सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड हैं। ट्रुडो ने दावा किया है कि उनकी सरकार ने आरोप को सार्वजनिक करने से पहले इकट्ठा सूचना को बाकी चार देशों के साथ साझा किया।

अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की आई प्रतिक्रियाओं से साफ है कि उन्होंने कनाडा के आरोप पर भरोसा किया है। इनमें से अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया क्वैड समूह में भी हैं, जिसका एक प्रमुख सदस्य भारत है। यह तो साफ है कि चीन को घेरने की प्राथमिकता के कारण ये देश अभी भारत के प्रति बहुत उग्र रुख अपनाने की स्थिति में नहीं हैं।

इसके बावजूद अगर कनाडा के आरोप पर वहां अंत तक भरोसा बना रहता है, तो वह भारत की छवि के लिए अच्छी बात नहीं होगी। इससे लोकतंत्र, मानव अधिकारों की गारंटी, खुलेपन की नीति और अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन के कारण बने भारत के सॉफ्ट पॉवर पर आंच आएगी। इसलिए, भारत को दुनिया के सामने उन बातों को विश्वसनीय ढंग से रखने की मुहिम चलानी चाहिए, जिनका उल्लेख ट्रुडो के आरोप के बाद विदेश मंत्रालय की तरफ जारी बयान में किया गया।(आरएनएस)

# विश्वास की शक्ति

भयंकर तूफान से गेलीलो झील का पानी काफी उछलने लगा। जो नावें चल रही थीं, वे बुरी तरह थरथराने लगीं। लहरों का पानी नाव के अंदर पहुंचने से यात्री भयभीत होने लगे। नाव के एक कोने में कोई निर्द्वन्द्व व्यक्ति सोया हुआ था। यात्रियों ने उसे जगाया। जागकर उसने तूफान को देखा और फिर साथी यात्रियों से पूछा, आखिर इसमें डरने की क्या बात है तूफान आते हैं, नावें डूबती हैं और मनुष्य भी मरते हैं। इसमें क्या अनहोनी बात हो गयी जो इतनी बुरी तरह हड़बड़ा रहे हो सभी यात्री उसकी बात सुनकर अवाक रह गये। तब उस व्यक्ति ने कहा, विश्वास की शक्ति तूफान से भी बड़ी होती है। तुम सभी विश्वास क्यों नहीं करते कि यह तूफान क्षण भर में बंद हो जाएगा।

भयभीत यात्रियों के उत्तर की प्रतीक्षा किये बिना उसने आंखें बंद की और अपने अंतर्मन की झील में उतरकर पूरी शक्ति के साथ कहा, शांत हो जा मूर्ख! तूफान तुरंत शांत हो गया और नाव का हिलना भी बंद हो गया। अब यात्रियों ने चैन की सांस ली। वह अलमस्त व्यक्ति जीसस क्राइस्ट थे। उन्होंने यात्रियों से पूछा, दोस्तों जब विश्वास बड़ा है तो तुम लोगों ने तूफान को बड़ा क्यों मान लिया था दिल से डर निकालकर हिम्मत को स्थान देना चाहिए, तभी हर कार्य में सफलता प्राप्त हो सकती है।

प्रस्तुति : शशि सिंघल

# मोबाइल लूट में दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने मोबाइल लूट में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सिमरित जीत कौर पत्नी तरनजीत सिंह निवासी रेसकोर्स, गुरुद्वारे के पास, ने थाना डालनवाला पर आकर प्रार्थना पत्र दिया कि मोटर साइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से आकर उसकी पुत्री के हाथ से जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के खुलासे हेतु तत्काल पुलिस टीम का गठन करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये व संदिग्ध ों से पूछताछ की गयी। गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा किये गये अथक प्रयासों के फलस्वरूप लूट करने वालों लूट गए मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल के साथ गुरुनानक बालिका इण्टर कॉलेज गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आसिफ पुत्र रिजवान निवासी- सिंगल मण्डी, लक्खीबाग, थाना कोतवाली नगर, शोएब पुत्र शफीक निवासी- सिंगल मण्डी, लक्खीबाग बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# नशीले कैप्सूलों के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नशीले कैप्सूलों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि की परिकल्पना को साकार करने के लिये एसएसपी अजय सिंह के निर्देशन में दून पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरूद्ध लगातार ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है। रायपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर चैकिंग करते हुए नालापानी चौक से दलीप कुमार को 840 ट्रामाडोल कैप्सूल (504 ग्राम) तथा ऋषिनगर पुल से गौतम कुमार को 888 ट्रामाडोल कैप्सूल (532 ग्राम) के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से बरामद स्कूटियों को सीज करते हुए आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में तहत मुकदमा दर्ज किये गये। गिरफ्तार दोनो आरोपी आपस में दोस्त हैं। गौतम मूल रूप से पुरानी तहसील थाना नगीना बिजनौर का रहने वाला है तथा सहारनपुर से उक्त नशीले कैप्सूलों को सस्ते दामों पर खरीदकर अपने दोस्त दिलिप के साथ मिलकर नशे के आदी व्यक्तियों को ऊंचे दामों में बेचता है। पुलिस ने उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पूंजीगत परिसम्पत्तियों का सृजन शीर्ष...

◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

1082 करोड़, 2805 करोड़ व 2138 करोड का पूंजीगत व्यय किया गया। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रारम्भिक महीनों में पूंजीगत व्यय की प्रगति धीमी थी। वित्त विभाग के तत्वावधान में गहन समीक्षा के उपरान्त पूंजीगत परिव्यय में तेज वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के फलस्वरूप सुखद परिणाम आने लगे। 29 सितम्बर 2023 तक लगभग रू0 4800 करोड़ (4798 करोड़) पूंजीगत परिव्यय हो गया है।

मंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जहाँ एक ओर "स्कीम फॉर स्पेशियल एसिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2023-24'' की तृतीय किस्त पाने के लिए राज्य अर्ह हो गया है वहीं दूसरी और यह पूंजीगत निवेश के क्षेत्र में राज्य की नई क्षमता का प्रतीक है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगने..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

साथियो के माध्यम से एक दिन में उसके भाई का मकान बेचकर लगभग 70 लाख रुपए की धनराशि उन्हें दिलवा सकता है। इस प्रकार निहार द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी करते हुए उनसे धनराशि हड़प ली गई एवं उसके भाई का मकान भी हड़प लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आज पुलिस को सूचना मिली कि निहार कर्णवाल हरिद्वार से कहीं दूर भागने की फिराक में था। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर निहार कर्णवाल को ऋषिकुल तिराहे मुख्य हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने अन्य साथियो निशाँत कुमार गुप्ता, निखिल बेनिवाल व उसकी माता मेमकिला के साथ मिलकर एक गिरोह के रूप में काम करते है व एक षडयंत्र के तहत बेरोजगार युवक-युवतियो को अपना निशाना बनाकर उनको सरकारी नौकरी का लालच देते हैं। इसके लिये गाड़िया तथा गनर आदि की व्यवस्था निशांत कुमार गुप्ता करता है जिससे वह डीएम लगे तथा उसके बाद निहार कर्णवाल सरकारी नौकरी के नाम पर जाल मे फँसे बेरोजगार को किसी उच्च सरकारी पद का प्रलोभन देकर उसकी जमीन को निखिल बेनिवाल जो की एक प्रोपर्टी डीलर है के माध्यम से उसके तथा उसके परिवार के नाम से गिफ्ट करवा देते है तथा फिर इस प्रापर्टी को आगे किसी पार्टी को सेल कर देते है।

# यूनाइटेड किंगडम दौरे के बाद दून पहुंचने पर सीएम धामी का हुआ भव्य स्वागत

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के यूनाइटेड किंगडम दौरे के बाद देहरादून पहुंचने पर रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में मंत्रीगणों, विधायकगणों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राज्य में निवेश को तेजी से बढ़ावा देने के लिए लंदन और बर्मिंघम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुए रोड शो और बैठकों में 12हजार 05 सौ करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर सहमति बनने पर मंत्रीगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए यू.के. में आयोजित विभिन्न बैठकों में राज्य में लगभग 12 हजार 05 सौ करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर करार हुआ। ब्रिटेन के पर्यटन मंत्री के साथ उत्तराखंड और ब्रिटेन के बीच पर्यटकों की आवाजाही बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाने के लिए सहमति भी बनी।

मुख्यमंत्री के यूनाइटेड किंगडम से उत्तराखंड आगमन पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल,गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, रेखा आर्या, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायकगणों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



## लंदन दौरे से लौटे सीएम धामी के कार्यक्रम में अव्यवस्थाएं, जांच के आदेश

देहरादून। लंदन दौरे से लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा में आज बड़ी चूक देखने को मिली है। मुख्यमंत्री धामी का हेलीकॉप्टर आज जैसे ही बन्नू स्कूल के मैदान में उतरा। पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजूम मंत्री और विधायक के साथ सीधे मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर तक पहुंच गया। चूक इतनी बड़ी थी की हेलीकॉप्टर के पंखे (पंखुड़ी) बंद भी नही हुए थे कि सैकड़ों कार्यकर्ता वहां तक पहुंच गए।

सीएम के इस कार्यक्रम में हुई अव्यवस्थाओं को देखते हुए एसएसपी एसपी सिटी ने खुद मोर्चा संभाला और स्थिति को संभाला गया। लेकिन कार्यकर्ताओं में इतना जोश था कि वह नहीं माने। वहीं एसएसपी ने भी मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं। एसएसपी कार्यालय की ओर से कहा गया कि लंदन के सफल दौरे से लौटे मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के स्वागत के लिए आज बन्नू स्कूल रेसकोर्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्थाओं के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण की जांच के आदेश दिये गये हैं।

# एक लाख का ईनामी चाचा का हत्यारा 14 साल बाद गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने एक लाख के ईनामी चाचा के हत्यारे को 14 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिसको एसटीएफ ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि खतरनाक शातिर व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी में अब तक 50 शातिर व खतरनाक इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी एसटीएफ द्वारा की जा चुकी है। स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड द्वारा ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु की गई कार्यवाही के फलस्वरूप बल्लभगढ़ हरियाणा से जनपद नैनीताल के थाना लालकुंआ में हत्या के आरोपी प्रकाश पंत को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि प्रकाश पंत पुत्र केशव दत्त पंत द्वारा 10 दिसम्बर 2009 को जमीन के बटवारे को लेकर अपने चाचा दुर्गा दत्त पंत की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी तथा फरार हो गया था एवं तभी से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु तत्समय नैनीताल पुलिस द्वारा काफी प्रयास किये गये थे परन्तु प्रकाश पंत भारत के स्थान दिल्ली, हरियाणा, बेंगलौर, तमिलनाडु, गुजरात, पूना आदि अपनी पहचान छिपा कर व अपना नाम ओमप्रकाश रख कर रह रहा था तथा वह वैल्डिंग के काम में दक्ष होने के कारण उसे अपनी जीविका चलाने में दिक्कत नहीं हो रही थी और उसे आसानी से काम मिल जाता था। वह समय-समय पर अपने छिपने का स्थान बदलकर वैल्डिंग की दुकानो / फैक्ट्री में काम कर रहा था। घटना के सम्बन्ध में अभियुक्त प्रकाश पंत ने बताया कि मैं पहले से फरीदाबाद में काम वेल्डिंग फैब्रिकेशन फीटर का काम करता था जहाँ चम्पावत में पैतृक जमीन थीं और मेरे चाचा जो कि विन्दुखाता लालकुंआ, नैनीताल में रहते थे। उक्त जमीन के बंटवारों को लेकर मेरे पिता व मेरे चाचा दुर्गा दत्त पंत के मध्य विवाद चल रहा था। 10 दिसम्बर 2009 को वह उस दिन दिल्ली से अपने चाचा के पास बिन्दुखाता जमीन के सम्बन्ध में बात करने आया और अपने चाचा को खूब समझाया परन्तु वह नहीं माने तो उसने गुस्से में आकर तंमचे से उनको गोली मार दी, उसके बाद में वहाँ से फरार हो गया तथा हरियाणा, बंगलौर, तमिलनाडु, गुजरात, पूना आदि स्थानो पर रह रहा था वर्ष 2016 में उसने उन्नाव, की रहने वाले एक परिवार की लडकी पूजा से शादी कर ली और उसनें बल्लभगढ़ हरियाणा में मशीन के समान की वेल्डींग की दुकान खोल ली और विगत 07 साल से वहीं रह रहा था। वहाँ उसको सब ओम प्रकाश के नाम से जानते थे। वर्तमान में उसके 07 वर्ष 04 वर्ष व 02 वर्ष के तीन बेटे है।

उसने अपना घर जीवन नगर गोची. बल्लभगढ, फरीदाबाद हरियाणा में एक अपना घर भी बना लिया था। उसने अपनी रिश्तेदारी और पुराने रहने की जगह में सभी को यह अफवाह फैला दी थी कि वह अब नेपाल में रह रहा है तथा अब कभी भारत वापस नही आयेगा जिससे कि पुलिस का ध्यान उससे हट जाये उसकी इस तरकीब से यह प्रभाव पड़ा कि सभी लोग उसको नेपाल में रहना समझ कर उसकी खोजबीन नहीं कर रहे थे। एसटीएफ ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## दावाः नशा मुक्त प्रदेश का, तैयारी गोवा से आगे...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

ने नाम भी नहीं सुने होंगे। राजधानी में सरकार द्वारा टेंडर के माध्यम से देसी और विदेशी शराब का जो आवंटन किया गया है वह अलग है। जिनकी संख्या सैकड़ो में है। सवाल यह है कि आखिर सरकार चाहती क्या है? एक तरफ मुख्यमंत्री धामी 2025 तक नशा मुक्त प्रदेश बनाने की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ नशाखोरी में गोवा को भी पीछे छोड़ने की तैयारी चल रही है।

यहाँ पर यह बात उल्लेखनीय हैं कि जहां सरकार इन डिपार्टमेंटल स्टोर्स को खोल के राजस्व को बढ़ाना चाहती है!वहीं दूसरी ओर यह भी जानने की जरूरत हैं कि पिछले साल और इस साल को मिलाकर कितना अधिभार आबकारी विभाग का ठेकेदारों के ऊपर बकाया है जिसे वसूल करने के लिये विभाग द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया है।

## एक नजर

# भाजपा के सभी सांसदों के कटेंगे टिकटः हरीश

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के सबसे अनुभवी नेता पूर्व सीएम हरीश रावत के इस बयान से सूबे की राजनीति में हड़कम्प की स्थिति पैदा हो गई। जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा 2024 के चुनाव में अपने किसी भी वर्तमान सांसद को टिकट नहीं देगी सभी के टिकट काटे जाएंगे। उनके इस बयान के बारे में जब उनसे पूछा गया कि उन्हें इसकी जानकारी कैसे और कहां से मिली जिसके आधार पर वह यह दावा कर रहे हैं तो इस पर उनका कहना है कि वह राज्य भर में शहर-शहर, गांव-गांव घूमते हैं उन्हें पता है कि भाजपा के सांसदों के खिलाफ किस तरह एंटी इनकम्बेंसी है यह बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व भी जानता है इसलिए भाजपा अपने किसी भी वर्तमान सांसद को 2024 के चुनाव में नहीं उतारेगी और सभी पांचो सांसदों के टिकट काटे जाने तय हैं। भले ही यह बात हरीश रावत ने अपने राजनीतिक अनुभव के चलते कहीं हो या फिर यह उनका एक सियासी बयान हो लेकिन भाजपा के अंदर कहीं न कहीं इस बात को लेकर विचार मंथन का दौर भी जारी है क्योंकि बीते दो चुनावों से भाजपा के सभी पांचो सांसद चुनाव जीतते आए हैं और 10 साल की एंटी इनकम्बेंसी का प्रभाव भी कम नहीं होता है हरीश रावत का इस तरह का बयान देने का क्या औचित्य है यह तो वही जान सकते हैं लेकिन उनके इस बयान ने न सिर्फ भाजपा सांसदों को बल्कि पार्टी के अंदर कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। हरीश रावत का कहना है कि उन्हें भाजपा के सभी सांसदों से गहरी सहानुभूति है उनकी संवेदनाएं उनके साथ है। उनका कहना है कि हरिद्वार मेरे लिए तो मेरी राजनीतिक कर्मभूमि है यही कारण है कि मैं हरिद्वार के किसानों की लड़ाई लड़ रहा हूं। वही इन्वेस्टर्स समिट के बारे में पूछे गए सवाल के बारे में उनका कहना है कि अगर प्रदेश में निवेश आता है तो वह भी इसकी खुशी मनाएंगे लेकिन 2018 के समिट के जो नतीजे हमारे सामने हैं वह अच्छे नहीं रहे हैं पहले आप कुछ अच्छा कर लो स्वागत और खुशियां तो सब मनायी ही जाती रहेगी।

**❑एंटी इनकम्बेंसी को बताया अहम कारण**
**❑हरीश के बयान से भाजपा में हड़कंप**



# दो हजार के करेंसी नोट, एक करोड रुपये को पुलिस ने बैंक में कराया जमा

संवाददाता

देहरादून। दो हजार के करेंसी नोटों को बदलने की समय सीमा के अन्दर पुलिस ने एक करोड तीन लाख 88 हजार रूपये बैंक में जमा कराये।

आज यहां भारत सरकार द्वारा 2000 के करेंसी नोटों को बंद करते हुए पुराने करेंसी नोटों को 30 सितम्बर 23 तक बदलने की समय सीमा निर्धारित की गयी थी, जिसके दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा जनपद के सभी थानों में माल मुकदमाती से सम्बन्धित 2000 रूपये के करेंसी नोटों को तत्काल विधि अनुसार बैंक में जमा करने के निर्देश दिए गए थे ,निर्देशों के क्रम में एक करोड तीन लाख अठ्ठासी हजार रूपये की धनराशि को निर्धारित समयावधि के भीतर पुलिस द्वारा बैंको से बदलवाया/जमा किया गया है व कोई 2000 की करेंसी जनपद में माल मुकदमाती शेष नहीं है

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

हमारे संवाददाता

टिहरी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक बाइक सवार युवक के खम्बे में टकरा जाने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 8:00 बजे के लगभग एक लड़का आदित्य पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम की रोड देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल जो तीन धारा से अपनी मोटरसाइकिल से ब्यासी की तरफ जा रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान तीन धारा से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले वह ब्यासी की तरफ एक खंबे से टकरा गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन में पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल युवक को एंबुलेंस से बागी अस्पताल देवप्रयाग पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। जिसके शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।




# मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, वकील सहित तीन गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। मामूली विवाद में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के अधिवक्ता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात्रि समय करीब दो बजे थाना कोतवाली को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि त्यागी रोड पर कुछ लोगो के बीच हुए विवाद में फायरिंग की घटना हुई है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुँचा। मौके पर घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि आकाश नाम का एक युवक अपने भाई शिवम व अपने दोस्त के साथ अपनी मोटर साइकिल से रेलवे स्टेशन से त्यागी रोड की ओर जा रहा था, तभी कमल होटल के पास कार सवार तीन व्यक्तियों द्वारा उन्हें रूकने का इशारा करते हुए उनके किसी रेस्टोरेंट के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गयी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनो पक्षों के मध्य विवाद हो गया तथा कार सवार तीन व्यक्तियो में से एक के द्वारा अपनी रिवाल्वर निकालकर आकाश व उसके साथियों पर फायर कर दिया, जिसमें आकाश के भाई शिवम के पैर पर गोली लग गयी, जिसे तत्काल उपचार हेतु आकाश द्वारा दून अस्पताल ले जाया गया। घटना के सम्बन्ध में आकाश द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया तथा आरोपियों की धरपकड हेतु टीमें बनाकर घटनास्थल के आस-पास के लगभग 35 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया, तो घटना में हांडा एस क्रास कार एचआर-78-बी-9700 का प्रयोग किया जाना प्रकाश में आया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा कार की तलाश हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों रजत जयसवाल, चिराग कुमार तथा देवेन्द्र सिंह को रेलवे स्टेशन के निकट एक बारात घर के पास से गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर 01 जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। उनसे पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि त्यागी रोड में कुछ युवकों से उनका रेस्टोरेंट का पता पूछने पर विवाद हो गया था, जिस पर रजत जयसवाल द्वारा आवेश में आकर उन पर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर झोंक दिया। रजत जयसवाल फरीदाबाद कोर्ट में वकील है, जिसका सहस्त्रधारा रोड में भी एक फ्लैट है तथा वह अपने साले की शादी के प्री-वैडिंग शूट के लिये देहरादून आया था। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

हमारे संवाददाता

चमोली। चमोली के नंदा नगर क्षेत्र में देर रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। मृतक रिश्ते में देवर भाभी बताये जा रहे है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सरपाणी गांव में दो भाईयों का आस पास ही मकान है। जिसमें टोटल 12 लोग रहते थे लेकिन जिस दौरान बिजली गिरने की घटना घटित हुई उसे समय यह दोनों मृतक दरवाजे के पास ही थे और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाकी परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित हैं घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल छाया हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार ग्राम सरपाणी में आकाशीय बिजली गिरने के कारण दो लोगों की मौत हो गई है दोनों को सीएचसी घाट लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है मृतक व्यक्तियों का नाम (1) जयप्रकाश पुत्र दीवानी लाल ग्राम सरपाणी उम्र 31 वर्ष (2) हेमा देवी पत्नी नरेश लाल उम्र 35 वर्ष थानाध्यक्ष थाना नंदा नगर घाट सीएचसी घाट में मौजूद हैं।

# अवैध रूप से शराब पिलाने वाले रिसोर्ट संचालकों के खिलाफ कार्यवाही, 2 गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

टिहरी। अवैध रूप से शराब पिलाने वाले 25 होटल, रिसार्ट संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक मुनि की रेती, रितेश साह द्वारा शिवपुरी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में प्रभारी निरीक्षक, मुनि की रेती के नेतृत्व में थाना मुनि की रेती पुलिस ने शिवपुरी क्षेत्र में 'रॉयल ग्रीन, मूनलाइट, ब्लू हेवन रिजॉर्ट, ब्लू मून, स्टेइंग कैम्प,पाम रिसोर्ट यूनिकॉर्न आदि 25 कैम्पों व रिसोर्ट को चेक किया गया। पुलिस टीम द्वारा ब्लू हेवन कैंप को चेक किया गया तो वहां कैम्प संचालक दीपक पुत्र राधेश्याम चौधरी निवासी टिहरी विस्थापित कॉलोनी,ज्वालापुर, हरिद्वार (उम्र 33 वर्ष) द्वारा कैंप में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी तथा एक अन्य कैंप रॉयल ग्रीन को चेक करने पर कैंप संचालक देवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम गंज डुंडवारा, थाना गंज जिला कासगंज उ.प्र.(उम्र 25 वर्ष) द्वारा अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। उक्त आरोपियों से पूछताछ करने पर शराब पिलाने का लाइसेंस न होने के कारण आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने के कारण कैंप संचालकों तथा रिजॉर्ट संचालकों के विरुद्ध धारा 83 व 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 25 कैम्प/रिसॉर्ट संचालकों से 12500/- रुपए जुर्माना वसूला गया है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*